पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के दृष्टिगत परिवहन, नगर विकास, पुलिस, यातायात आदि विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की

**मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं, बेटियों और बहनों को दिए गए निःशुल्क बस यात्रा के समय में वृद्धि की**

**निःशुल्क यात्रा आगामी 27 अगस्त की सुबह 06 बजे 29 अगस्त की मध्य रात्रि तक की जा सकेगी : मुख्यमंत्री**

**उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिला यात्री एक सहयोगी के साथ निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी**

**त्योहारों के दृष्टिगत शहरों, एक्सप्रेस–वे, हाई–वे व प्रमुख मार्गों पर पेट्रोलिंग तेज की जाए**

**रक्षाबंधन पर प्रदेश में सुगम, सुरक्षित, व्यवस्थित परिवहन एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए**

**सभी जनपदों में आगामी 25 अगस्त तक बस, टैक्सी और ऑटो–टेम्पो यूनियनों के साथ समन्वय बैठक की जाए**

**रक्षाबंधन के दौरान संचालित होने वाली टैक्सी और ई–रिक्शा के चालकों का सत्यापन कराया जाए**

**त्योहारों के दौरान प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर विशेष यातायात प्रबन्धन के निर्देश**

**स्वास्थ्य विभाग की ओर से रक्षाबंधन पर फर्स्ट एड की अलग से व्यवस्था भी बस स्टेशनों पर की जाए**

**सड़क सुरक्षा के लिए सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें**

**प्रदेश में परिवहन सेवाओं को अधिक सुरक्षित, सरल और तकनीक आधारित बनाया जाए**

**लखनऊ : 23 अगस्त, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं, बेटियों और बहनों को दिए गए निःशुल्क बस यात्रा के समय में वृद्धि की है। उन्होंने निर्देश दिए कि अब यह निःशुल्क यात्रा आगामी 27 अगस्त की सुबह 06 बजे 29 अगस्त की मध्य रात्रि तक की जा सकेगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिला यात्री एक सहयोगी के साथ निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर बहनें सुरक्षित और आसानी से अपने घर पहुंच सकें, इसके लिए परिवहन,

पुलिस, प्रशासन व सम्बन्धित विभाग मिलकर सारी व्यवस्था सुनिश्चित करें। त्योहारों के दृष्टिगत शहरों, एक्सप्रेस–वे, हाई–वे व प्रमुख मार्गों पर पेट्रोलिंग तेज की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर रक्षाबंधन के दृष्टिगत परिवहन निगम/विभाग, नगर विकास, पुलिस, यातायात आदि विभागों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर प्रदेश में सुगम, सुरक्षित, व्यवस्थित परिवहन एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में माताओं, बहनों और बेटियों के आवागमन को देखते हुए परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय प्रशासन आपसी समन्वय से सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर लें। मुख्यमंत्री जी ने रक्षाबंधन के दृष्टिगत नगर विकास विभाग की 900 से अधिक बसों में भी यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निजी बसों, ऑटो और टैक्सी चालकों के भी सत्यापन सुनिश्चित करते हुए महिला यात्रियों की सुरक्षा के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रक्षाबंधन आगामी 28 अगस्त को है और 25 अगस्त की सुबह से 29 अगस्त की रात तक आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण अवधि रहेगी। 26 अगस्त को अवकाश होने के कारण लम्बी दूरी और अन्तरजनपदीय यात्राओं में वृद्धि की सम्भावना है। प्रदेश सरकार द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं एवं एक सहयात्री के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की गई है। इसके साथ अतिरिक्त बसों के संचालन की भी तैयारी की गई है।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि सभी जनपदों में आगामी 25 अगस्त तक बस, टैक्सी और ऑटो–टेम्पो यूनियनों के साथ समन्वय बैठक की जाए। यात्रियों से निर्धारित किराया ही लिया जाए। ओवरलोडिंग न हो, यात्रियों के साथ विनम्र व्यवहार किया जाए और यात्री सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रक्षाबंधन के दौरान संचालित होने वाली टैक्सी और ई–रिक्शा के चालकों का सत्यापन कराया जाए। केवल सत्यापित और सक्षम चालकों से ही वाहनों का संचालन कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने त्योहारों के दौरान प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर विशेष यातायात प्रबन्धन के निर्देश दिए। मथुरा–वृन्दावन, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, विंध्याचल–मिर्जापुर और गोरखपुर जैसे स्थलों पर विशेष व्यवस्था की जाए। बस अड्डों,

रेलवे स्टेशनों, बाजारों तथा शहरों के प्रवेश और निकास मार्गों पर यातायात दबाव को देखते हुए पहले से कार्ययोजना तैयार रखी जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि त्योहारों के दौरान बस स्टेशनों पर सी0सी0टी0वी0, पेयजल, साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से रक्षाबंधन पर फर्स्ट एड की अलग से व्यवस्था भी बस स्टेशनों पर की जाए। उन्होंने ओवर लोडिंग, ओवर स्पीडिंग, अधिक किराया वसूली तथा अन्य अनियमितताओं के विरुद्ध निरन्तर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, नशे में वाहन चलाने तथा माल वाहक वाहनों और ट्रैक्टरों में यात्रियों के अनधिकृत परिवहन पर सख्ती की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। राहत एवं बचाव केन्द्रों को तकनीक से जोड़ने की दिशा में भी कार्य किया जाए, ताकि दुर्घटना की सूचना मिलते ही निकटतम राहत एवं बचाव केन्द्र, ट्रॉमा केयर और एम्बुलेंस तक तत्काल पहुंच बनाई जा सके।

मुख्यमंत्री जी ने परिवहन व्यवस्था को नागरिक सुविधा से सीधे जोड़ते हुए कहा कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं को अधिक सुरक्षित, सरल और तकनीक आधारित बनाया जाए। रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष रूप से महिलाओं और परिवारों की यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी सम्बन्धित विभाग पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि त्योहार के दौरान किसी यात्री को अनावश्यक परेशानी न हो।

——————

***<u>PN-CM-Review Meeting-Festival-23 August, 2026</u>***